भोपाल मे लगभग 40 साल पहले कयाकिंग खेल प्रारम्भ हुआ था जो कि म.प्र. कायाकिंग एवं कैनोइंग एसोसियेशन एवं म.प्र. पर्यटन द्वारा संचालित किया जाता था, क्योंकि उस समय इस खेल को बड़े तलाब मे तलाब के आस-पास के लोग ही जानते थे पर खिलाड़ी तब भी बहुत मुश्किलों में तैयार होते थे। एसोशियेशन के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को समझाकर इस खेल मे बच्चों की उनके परिवार से बात करके लेकर आते थे, क्योंकि म.प्र. टीम के पास फायबर के चप्पू भी नहीं हुआ करते थे, लकड़ी के भारी चप्पू का इस्तेमाल करके अभ्यास करते थे। जबकि दूसरे राज्यों एवं विभागों के एवं एसोशियेशन के पास कार्बन विदेशी चप्पू हुआ करते थे, लेकिन आज भोपाल वर्ष बाद भारत का सबसे बड़ा Water Sports Hub बन गया है। म.प्र. से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं कई विभागों मे खिलाड़ी सरकारी नौकरी भी प्राप्त कर चुके हैं।

खाकी की कहानी
खाकी की जुबानी

मनीषा पाठक सोनी, रापुसे
अति. पुलिस अधीक्षक रेलवे,
जी आर पी इंदौर

मेरा तो तन भी है खाकी, मेरा तो मन भी है खाकी
हैं सबके रंग-बिरंगे सपने, मेरे तो सपने भी खाकी।।

जेवर मेरे यही सितारे, इन्हें देख दुनिया जल जाती
तुम कितने भी मेकअप कर लो, पर सबसे सुंदर वर्दी खाकी।।

√ रात ढले जब सोती दुनिया, घर से मुझे बुलाती मुनिया
आंखें बोझिल, थका बदन है, कंट्रोल इज़ कालिंग, डायरी पेंडिंग,
लेकिन चैन से सो जाएं सब, ये भी जिम्मेदारी समझती है खाकी
गश्त निपटते मंत्री जी आयें, हम कैसे सतर्क रह पाएं
चाहे जो हो, सुने ना कोई, अपने ही तो जांच करायें,
बाहर से तो चटक है खाकी, अंदर कितनी दबी हुई है, कितनी घायल, कितनी पीड़ित
पर औरों की पीड़ा हरने, अपना दर्द संभाले खाकी।। इसका तो बस नाम है खाकी...

√ लांछन उस पर खूब लगा लो, मुर्दाबाद के नारे गा लो
वर्दीवाला गुंडा कह लो, कठपुतली या ठुल्ला कह लो
वक्त पड़े तो वही खड़ा है, हर आफत से वही लड़ा है
जब भाई भाई का दुश्मन, तब भी वह है साथ तुम्हारे,
बुरे वक्त में जिसकी तुमको याद है आती, एकमात्र है वही तो खाकी।।

√ कहते हो बेडौल हो गया, कभी पूछा - उसने कब खाया, कब जागा, कब सोया,
जला हुआ सा चेहरा उसका, वक़्त से पहले उम्र को खोया,
मैडल मिलते तभी उसे जब, काम किया और खुद को खोया
उसकी तो पहचान यही है, उसका फिर बस नाम है ख़ाकी।।

√ तुमको रोज दिखाई ना दे, उसकी बात सुनाई ना दे
पर जहाँ कहीं सब बिगड़ गया हो, वहां पे केवल खाकी ही खाकी |
मेरी तो पहचान है खाकी, मेरा तो बस नाम है खाकी, और मेरा अभिमान है ख़ाकी।।

तैराकी एक सम्पूर्ण व्यायाम

आशुतोष जोशी, कार्य. उनि
(एन.आई.एस) स्विमिंग कोच
म.प्र.पुलिस भोपाल

स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क निवास करता है। जीवन में खेलकूद का महत्वपूर्ण स्थान है और स्वास्थ्य नागरिक से मिलकर ही देश शक्तिशाली बनता है इसलिये देश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये प्रत्येक युवा वर्ग को खेल कूद का भरपूर अवसर मिलना चाहिए। यह एक शुभ संकेत है कि वर्तमान में समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी शिविर प्रदर्शनी लगाकर युवकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग किया जा रहा है और साथ ही संचार माध्यम, समाचार-पत्र, चल-चित्रों रेडियो, टी.वी. के द्वारा खेलों के नियम की जानकारी देकर जनता में जागरूकता ही हिलोर पैदा की है। तन मन की स्फूर्ति प्रदान करने वाले अनेक खेल है किन्तु कभी धन की बिडम्बना ही खेल प्रेमी के अग्रसर कदम को स्थिर कर देती हे। ऐसी विकट स्थिति में तन-मन के लिए संपूर्ण व्यायाम का खेल तैराकी का याद आना स्वाभाविक है जहां धन के संदर्भ में कोई प्रश्न चिन्ह नहीं है। क्रीडा एवं खेलकूद में तैराकी का अपना एक विशेष स्थान है और हमारे सागर झील, नदी, तालाब वाले देश में इसके विकास की बहुत संभावनाएं हैं।

स्वच्छ निर्मल जल चाहे वह नदी, तालाब झील या तरण पुष्कर में हो, वहां अनाड़ी भी किलोल क्रीडा में शामिल हो जाये तो वह चाहे बच्चा हो या वृद्ध उसमें भी कुछ ही सेकेण्ड में तैराकी के प्रति प्रेम जागृत हो जाता है। नया तैराक स्विमिंग को एक आनंद समझता है तो पुराना तैराक उसे साधना की भांति अपनाता है। इससे थके हुए तन, मन, की थकावट दूर होती ही है साथ मस्तिष्क से लेकर मांसपेशियों तक का व्यायाम होता हे। पानी व धूप से तैराकों की विटामिन-डी मिलता है जिससे हड्डियों मजबूत और त्वचा स्निग्ध बनती है। यह खेल फेफड़ों की सभी बीमारियों को दूर करता है। श्वसन क्रिया में संतुलन होने के साथ हृदय मजबूत होता है। चूंकि हृदय सारे शरीर में रक्त संचरण करता है इसका आकार बढ़ जाने के परिणामस्वरूप् इसकी पंपिंग पावर बढ़ जाती है, जिससे रक्त का संचरण अधिक और शीघ्र होता है। तैरने से आंतरिक संरचना और कार्यप्रणाली में नवीन शक्ति और स्फूर्ति का संचार होता है। दिल की बढ़ी हुई धड़कन घटती है। अर्थात पल्स रेट घटने से दिल में मजबूती आती है। चूंकि हृदय एक मांसपेशी है। व्यायाम द्वारा इस शक्ति का संचार होता है, जिससे अधिक संतुलित पंप बनता है। यह स्पंदनों के साथ अधिक आराम प्रदान करता है व्यायाम हृदय की कार्य क्षमता बढ़ाता है।

जैसे-जैसे शारीरिक क्रियायें बढ़ती है, वैसे ही हृदय की बीमारी का जोखिम क्षीण हो ताजा है। ऐसे व्यक्ति जो खाने-पीने के शौकीन हो किन्तु शारीरिक क्रियायें कम से कम सम्पन्न कर पाते है और इसलिये थुल-थुल शरीर के स्वामी बन जाते है। उन्हें कम से कम एक घंटा

प्रतिदिन तैरने के लिये अवश्य निकालना चाहिए। तैरते समय शरीर पर पानी के टकराव तथा रगड़ में कमर पेट की अतिरिक्त चर्वी तो छंटती ही है इसके साथ ही शरीर की हल्की मालिश भी हो जाती है। शरीर व्यवस्थित आकार में सुडौल और आकर्षक बनता है। तैराकी में सबसे सुखद रहस्य तो यह समाया है कि इस खेल से बुढ़ापा आप पर जल्दी हावी नहीं हो पाता। कमजोर हृदय वाले व्यक्ति को धीमी गति से अभ्यास करना चाहिए। अस्थमा और सांस की बीमाररियों से पीड़ित रोगी को नियमित और सही तरीके से तैरने पर राहत मिलती है। शिथिल अंगों में पुष्टता बढ़ती है। हाथ पैरों से विकलांग व्यक्ति भी तैरने का आनंद ले सकते है। मोटे, छोटे, लंबे, दुबले हर तरह के आकार वाले इस क्रिया में सहज निःसंकोच शामिल हो सकते है, क्योंकि जल में प्रवेश के उपरांत शरीर का वजन हल्का हो जाता है। यहां तक की नेत्र हीन व्यक्ति भी तैराकी में विशेषज्ञता हासिल कर सकता है क्योंकि उनमें संवेदनशीलता और सही अंदाज लगाने की शक्ति निहित होती है।

कुछ खेलों में सिर्फ अंग विशेष ही पुष्ट होते है जैसे फुटबाल में पैरो का महत्व और भारोत्तोलन में मांसपेशियों सख्त होती है लेकिन लचीली नहीं हो पाती, किन्तु तैरने से मांसपेशिया लचीली और सख्त दोनों होती है । तैराकी अन्य रोगो जैसे पक्षाघात, पोलियो मानसिक विकार, दमा आदि में अत्यंत लाभकारी है। जागिंग आर तैराकी जैसे खेल विधियॉ एरोबिक क्षमता को उन्नत बरती है। श्वसन व संचार प्रक्रिंया को उन्नत करने के साथ हड्डियों, स्नायुआकें एवं अन्य अंगों के तनाव तथा किसी भी तरह के मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करती है। थकावट को कम कर आत्म संकल्प एवं शारीरिक भावना को बढ़ाती है।

इस तरह से अपने व्यस्ततम जीवन को स्वस्थ्य, सुंदर आनंददायक बनाने के लिये सबसे सस्ता, सुंदर मनेरंजन एवं शीघ्र फलदायक व्यायाम तैराकी को नन्हे बच्चे, किशोर, महिलाऐं, युवा, वृद्ध इसे किसी भी उम्र तथा शारीरिक, मानसिक अवस्था में सीख सकते हैं और ताउम्र लाभांवित हो सकते है, लेकिन एक अच्छे तैराक बनने के लिये धैर्य, सहनशीलता ओर लगन अति आवश्यक है। चूंकि सही और संतुलित रूप से सीखना एक लम्बी प्रक्रिया है। इसलिये कुशल प्रशिक्षक का निर्देशन अति आवश्यक है। यदि स्वास्थ्य दुर्बल हो तो जाड़े के दिनों में या बहुत ठण्डे पानी में डाक्टर से आज्ञा लिये बिना नहीं तैरना चाहिए। यदि कानों में कोई शिकायत हो तो गोताखोरी और अण्डर स्विमिंग से बचना आवश्यक है। या इयर प्लग का उपयोग करें। उत्तम स्वास्थ्य लाभ हेतु तैराकी कि विभिन्न स्ट्रोक/ स्टाइल को कुशल प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में सही तकनीकि पहलुओं को ध्यान में रखकर करना चाहिये।

मध्यप्रदेश पुलिस तैराकी टीम विगत वर्षो (2004 एवं 2016) सिंहस्थ महापर्व उज्जैन में कई स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों, नगर सुरक्षा सैनिको एवं पुलिस परिवार के बच्चों को तैराकी का बुनियादी प्रशिक्षण देकर सिंहस्थ के आयोजन में स्थानीय प्रशासन के साथ क्षिप्रा नदी के विभिन्न घाटों पर तैराकी सुरक्षा दल को तैनात किया और स्नान के लिये आये श्रद्धालुओं और साधु-संतों को सुव्यवस्थित सुरक्षात्मक कवच प्रदान किया जिसके परिणाम स्वरूप किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

मध्यप्रदेश पुलिस तैराकी टीम प्रदेश के गणमान्य जन सेवकों द्वारा गठित ‘‘मंदार एण्ड नो मोर मिशन’’ में निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण देने हेतु कृत संकल्पित है। जो पिकनिक स्पाट, पर्यटन स्थल पर जन जागरण अभियान कर युवाओं एवं पर्यटकों को जल दुर्घटनाओं से होने वाली जन हानियों से सचेत करती है। यह अभियान सतत जारी रहे इस हेतु मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का मार्गदर्शन पुलिस स्विमिंग टीम को प्राप्त होता है। नव प्रस्तावित स्विमिंग पूल जो मध्यप्रदेश पुलिस स्टेडियम में बनाया जा रहा है जिससे तैराकी प्रतियोगिता में भी मध्यप्रदेश पुलिस स्विमिंग टीम स्वर्णिम उपलब्धियां प्राप्त कर सकेगी ऐसी आशा ही नहीं वरण पूर्ण विश्वास है।

“चप्पे-चप्पे पे चप्पू”

श्रद्धा जोशी, रापुसे
स.म.नि., प्रशिक्षण, पु.मु. भोपाल

पूरे 144 सालों के बाद ऐसा महायोग था जब प्रयागराज मे महाकुंभ लगा था, जिसके लिए साधू संत सहित मध्यप्रदेश का द्वारका भी बहुत ही ज्यादा उत्साहित था। ये उत्साह इस कदर सिर चढा था कि द्वारका ठान कर बैठा था कि अपने चप्पू से ही प्रयाग मे नाव खेते हुए त्रिवेणी संगम की परिक्रमा करेगा। सो इसलिए बस जोर-शोर से अपने चप्पू को बनाने में लग गया था..

होशंगाबाद जिले के डोलरिया गांव का रहने वाला द्वारका पहले से ही नाव चलाने और उस पर करतब करने मे बहुत माहिर था। कितनी ही बार उसने गांव की हथेड़ नदी पर अपने साथियों के साथ नौका दौड़ मे न केवल हिस्सा लिया था बल्कि जीता भी था और शायद इसीलिए प्रयागराज में भी अपने चप्पू के साथ शू-शां करने को उत्साहित हो चला था द्वारका प्रयागराज का टिकट कटवा जाने की तैयारी मे था। दिन था रविवार अल सुबह उठकर पूजा ध्यान कर रात करीबन 2:35 की नर्मदा एक्सप्रेस से जाना था.. शरीर से फुर्तीला द्वारका एकदम जीवटता के साथ प्रयाग पहुंचने को झोले मे कपड़े भर एकदम तैयार था, वैसे तैयारी उसकी जैसी भी हो लेकिन उसका "चप्पू" एकदम शानदार था, जिसे द्वारका ने खुद सागौन की लकड़ी से तैयार किया था.. न जाने कौन धुन पाला था ये सिरफिरा सो चप्पू बना रंग रौगन कर 5-6 फुट का चप्पू लिए द्वारका स्टेशन पर आ पहुंचा। प्लेटफार्म पर पहुंचा तो खच्चम-खच्चा भीड़ देख बेचारा द्वारका कभी खुद को और कभी अपने चप्पू को देख हैरान-परेशान हो रहा था कि जहां पांव धरने की जगह नहीं वहां अपने चप्पू को सही सलामत लेकर प्रयाग तक कैसे पहुंचेगा, लेकिन तभी द्वारका हिम्मत की मूर्ति बना भारी-भरकम चप्पू हाथ में पकड़े एकदम केन ड्रील की मुद्रा मे नजर आने लगा जब वह तीन और तीन की चाल से केन की तरह चप्पू को बगल में चिपकाए रेल के डब्बे मे सवार होने को तैयार था। खैर रेलगाड़ी आई, धक्का-मुक्की, चिल्ला-चोट के बीच आखिरकार द्वारका अपने टिकट वाले डिब्बे में अपना पृष्ठ टिका पाने में सफल हुआ। इस मेहनत भरी सफलता के बाद बारी आई चप्पू को टिकाने की बारी, तो ईधर घुसेड़-उधर घुसेड़ करते और सभी के पृष्ठ भाग से गुजारते हुए चप्पू महाराज को भी द्वारका ने सलामती के साथ स्थान-संपन्न करवा दिया । स्टेशन पर स्टेशन आते-जाते रहे जिस पर लोग चढ़ते-उतरते रहे और साथ मे हैरान होकर चप्पू को भी देखते रहे। जब किसी से रहा नहीं गया तो हार कर पूछ बैठे "भाई यह चप्पू किधर लिए जा रहे हो?" .... बड़े प्यार से चप्पू महाराज के मालिक चप्पू प्रसाद (द्वारका) ने अपनी गाथा गाई और बोले "यह महाकुंभ का योग कोई छोटा-मोटा योग नहीं है सो हम डुबकी भी लगाएंगे और त्रिवेणी मैया के संगम की परकम्मा अपने ही चप्पू से नाव चलाकर लगाएंगे.." ---लोग इस महान उत्साहित पगलू महाराज

की बात पचा पाने के प्रयास मे चुप! सोचे कौन बताए इस गधे को कि घास नीली नही होती। सो मूढ़ात्मा द्वारका को शाबाशी देकर उसे एकदम सही मान लिया गया। अपनी इस शाबाशी पर गौरवान्वित हो रात भर चप्पू प्रसाद अपने चप्पू की रखवाली करते हुए, आंखे फाड़-फाड़ स्टेशन पर चढ़ते उतरते लोगों को देखते हुए आखिरकार 14 घंटे बाद प्रयागराज की धरती पर आ धमक गए। आहा! धरती भी धन्य हुई, देवता भी प्रसन्न हो फूल बरसाए। हालांकि कलयुग मे दुरी अधिक होने जाने से द्वारका के सिर पर न गिर सके...खैर चप्पू प्रसाद (द्वारका) अपना चप्पू हाथ में और कपड़े के झोला साथ में "एकला चलो रे" की धुन पर संगम घाट का रास्ता पूछते पाछते चले..। चौदह घंटे का पूरा रात-दिन का सफर और उसके पहले के एक्साइटमेंट मे निकला पूरा दिन, सो पूरे दो दिन से जागते हुए द्वारका अब भूख से थोड़ा बेहाल होकर कहीं बैठकर अपने झोले में बंधी रोटी, गुड़ और चटनी खाने की तलाश में था। घाट पहुंचते-पहुंचते लगभग अंधेरा सा भी छाने लगा था. जन सैलाब भी इतना था कि हर कहीं बस लोगों की भीड़ ही नजर आ रही थी, इसी बीच द्वारका को किस्मत से एक जगह मिल गई। रोटी की पोटली खोल द्वारका बैठ गया खाने को, वैसे तो द्वारका बहुत थक भी गया था सो खाने के बाद थोड़ा सुस्ता लेने को भी उसका जी कर गया। सोचने लगा कि उजाले मे ही संगम का भ्रमण करना ठीक होगा, यहां की भीड़ में तो नहाना ही संभव दिख रहा था। वैसे भी संगम के लिए तो द्वारका को दूर जाने का रास्ता लोग बता दिए थे। इसलिए अब सब कुछ उजाले में ही करने का निश्चय कर द्वारका भौर होने की राह में अपना पंछा गले से निकाल जमीन पर बिछा उस पर लेट गया, ऊनी शाल को पहले से लपेट ही था तो मौसमी ठंडक मे थोड़ा चैन भी था। आसपास और भी लोग लेटे ही थे सो द्वारका भी अपना चप्पू शरीर से चिपकाए लेट गया.। सागवान का बेहतरीन चप्पू अभी भी द्वारका की आंख का तारा ही बना हुआ था जिसे छोड़कर सो जाना द्वारका को कतई मंजूर नहीं हो रहा था सो जैसे उसने रेल की सवारी आंखे फाड़-फाड़ कर की थी वैसे ही वह प्रयागराज की धरती पर शवासन की मुद्रा में चप्पू पर पूर्ण ध्यान केंद्रित किये लेटा रहा..और इसी बीच !! "वाह क्या नजारा है बेहतरीन नाव पर सवार शानदार अपने चप्पू से संगम की परकम्मा (परिक्रमा) यही सोच-सोच मुस्कुराता गुदगुदाता चप्पू सिंह कब गहरी निंद्रा को प्राप्त हो गया ये तो गंगा घाट ही जाने। इसका पता तब चला जब अचानक खाकी वर्दी वाला एक सिपाही कभी हाथ से कभी डंडे से चप्पू सिंह के शवासन का मुआयना करने लगा....."भैयाssssssss... ओ भैयाssssssss... अरे ओ भाईईईई.....हो कि निकल लिए ! अरे, यहीं मोक्ष ले लिए क्या"!! अब द्वारका प्रसाद की आंख खुली, देखा आसपास लोग इकट्ठा हैA अरे! संगम, नाव, चप्पू ... सब कहां...! चप्पू सिंह नीचे और लोगों की खोपड़ियां ऊपर.. ! द्वारका समझ गया कि संगम के सपने से उछलकर सीधे जमीन पर आ पड़ा है.. खैर, भड़भड़ाता-बड़बड़ाता द्वारका उठा "अरे संगम जाना है" बोल खड़ा हुआ आंख मलते हुए हंसकर.....

"साहब जरा आंख लग गई थी"

"अबे जरा नहीं, पूरी रात तेरी आंख लगी है" ..दो सितारे लगाए साहब जी गुर्राय,

"सब जाम किया पड़ा हैं यहां, उठाओ सभी को" सामने सिपाही को आदेश दिया "द्वारका को भी कहां रुकना था वह तो आया ही अपने चप्पू को चलाने था, तो चप्पू लेकर जाने को हुआ, लेकिन हाय! ये क्या... चप्पू गायब!! यहां-वहां कहां-कहां देखा पर चप्पू ना मिला भाई..अब तो द्वारका के आंख के आगे अंधेरा-रा छाने लगा, कुछ ना सूझे.. इससे पूछा, उससे पूछा लेकिन चप्पू मिल ही नही रहा था. सागौन का चप्पू था कहां गया कौन ले गया होगा..! अब कभी द्वारका खुद को कोसता कभी लोगों को.. "कैसे सो गया क्यों सो गया यहां क्या सोने ही आया था" कह कर खुद को गरियाने लगा----- फिर बड़बड़ाया "कैसा घोर कलयुग है पावन धरती पर चोरी, भ्रष्ट लोग मेरा चप्पू चुरा ले

गए, फिर रोते-रोते उठा और सिपाही से पूछने लगा "आपने मेरा चप्पू देखा-----? सिपाही चौका!! चप्पू ! कौन चप्पू..? बेसुध द्वारका सिपाही का जवाब न देकर चप्पूऽऽऽऽ-चप्पूऽऽऽऽ चिल्लाने में अस्त-व्यस्त भाग-भाग सबसे पूछता फिर रहा था.. अब तो सिपाही भी उसे देखकर थोड़ा चिंतित भाव मे आ गया... महाकुंभ ड्यूटी के लिए प्रशिक्षण पाकर थोड़ा प्रोएक्टिव तो हो ही चुका था सो सजग भाव से .."भाई कैसा था चप्पू कैसा रंग-कद था, कितना ऊंचा था भाई कुछ तो बता तो खोजें उसे"

हड़बड़ाया-सा द्वारका बोला .."रंग! रंग थोड़ा भूरा लेकिन चिकना बहुत था" सिपाही हैरान..कैसा पगला है बच्चे को ऐसा कौन बोलता है, **"चिकना"..** फिर सब छोड़ आगे सुनने को हुआ..."कद में रहा होगा कुछ पांच-साढ़े पांच फुट का, बहुत ही प्यार था मेरा चप्पू, ढूंढो तो दो साब" रोते-बिलखते हुए द्वारका बोला.."हऊ-हऊ, धीरज रखो और चलो हमाये साथ" सिपाही बोला..। अब संगम, स्नान, **परिक्रमा** सब तो धरा का धरा रह गया एक तरफ और चला सिपाही साथ लिए चप्पू के मालिक को ...फिर दोनो पहुंचे "खोया पाया केंद्र" पर, अपना नाम पता लिखाकर ब्यौरा दिया गया .."पांच-साढ़े पांच फूट, भूरा-चिकना "चप्पू"खो गया है"....

"जब संभलता नहीं तो क्यों ले आते हो"..?

खोया-पाया केन्द्र के प्रभारी साहब बत्ती दिये...

"नही साब! रात भर बदन से चिपकाए आंखें फाड़ फाड़ जागे और संभाले थे, पता नहीं कब आंख लग गई और कोई नासपीटा मेरा प्यारे चप्पू को गायब कर लिया, उसके सहारे ही तो संगम परकम्मा को आए थे" आंसू पोछता हुआ द्वारका मिमियाया। ...

"कौन गायब करेगा! आदमकत का तो है तेरा चप्पू ऐसे ही कोई गायब कर लेगा क्या" साब ने आड़े हाथ लिया...!

".....हां साब बात तो सही है लेकिन कोई तो ले ही गया है मेरे चप्पू को, नही तो क्यों ही ढूंढता!! बहुत प्यारा था और सुंदर तो बहुत ही लग रह था, न जाने कौन जन्म का करमजला ले भागा ! ढूंढ दो मालिक, बड़ी किरपा होगी, अबकी मिला तो घर जाकर ही सोऊंगा चाहे जो हो जाए..." ...द्वारका हाथ जोड़े साब के पैर की ओर झूका...

अरे रुक जा जरा" साब बोले फिर तत्काल वायरलेस पर पॉइंट दिये "एक प्यारा-सा भूरा-चिकना चप्पू 5-5.30 फुट का कद, अपने "पिता" से बिछड़ गया है पिता का नाम द्वारका प्रसाद निवासी डोलरिया होशंगाबाद म.प्र." ..

"पिता" द्वारका इस प्वाइंट से बेखबर अपने चप्पू की पूछताछ में स्वंय ही इतना व्यस्त था कि ये भी नही सुना कि साब ने सेट पर क्या बोला है।

अब वायरलेस पर प्वाइंट चलने के बाद सभी चौकियों, थानों और घाटों पर चप्पू की उपस्थिति कम गुमशुदगी दर्ज हो गई। इधर बेसुध-सा चप्पू का "पिता" घाट-घाट घूमता-घूमता **मेरा चप्पू--मेरा चप्पू** चिल्लाता हुआ प्रयागराज के महाकुंभ का महायोग देख रहा था और उधर चप्पे-चप्पे पर चप्पू **का प्वाइंट** चल रहा था...। महाभारत मे जैसे "अश्वत्थामा हतो" कहा गया था वैसे ही "चप्पू गतो" हो चुका था। वो "चप्पू" इंसान था! जानवर था ! या चप्पू ही था ! न सिपाही अपनी चटकी की कार्यवाही करते हुए पूछ सका, ना द्वारका अपनी बेसुध अवस्था मे बता पाया और न ही साब जी समानुभूतिपूर्ण कार्यवाही में जानने की कोशिश कर पाए.. फिर किसी ने शाम को चौकी पर चाय की चुस्की लेते हुए खैरियत पूछी कि और साब क्या चल रहा है, ! तुरंत बगैर चूके हवलदार बोल पड़ा "भाई, घाट पर तो सुबह से बस चप्पू ही चल रहा है.." अभी भी चिंतामग्न पुलिस महकमा प्यारे बच्चे चिकने चप्पू की तलाश में ....!!

झील के मैदान में दौड़ती नौकाएं

पल्लवी त्रिवेदी, रापुसे
सहायक पुलिस महानिरीक्षक
आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय, भोपाल

विशाल झील में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती नौकाएं हैं और उन पर सवार प्रतियोगियों के तेजी से चप्पू चलाते मेहनतकश और पुष्ट माँस पेशियों वाले हाथ हैं। उनके नौका खेने से पानी चारों ओर उछलता है और लहरों में गुम हो जाता है। पानी के लगातार उछलने और पानी में जाकर मिलने का यह सिलसिला अनवरत चलता है। पानी के इन जाबांज खिलाड़ियों को देखने दूर दूर से लोग झील किनारे आकर एकत्रित होते हैं। यह नजारा हर साल सर्दियों की भली लगने वाली धूप में कुछ दिनों तक होता है, जब अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन होता है।

अपने मनोरंजन के लिए आदिम काल से इंसान विभिन प्रकार के इनडोर और आउटडोर खेल खेलते आ रहे हैं। यूँ तो हर खेल अपने आप में अद्वितीय है। किसी खेल की किसी अन्य खेल से तुलना करना बेमानी है। हर खेल एक व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक सेहत को दुरुस्त रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। कोई भी व्यक्ति चाहे शौक के लिए खेले, चाहे वर्जिश के लिए और चाहे किसी प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए, खेल के अंदर प्रवेश करते ही वह सिर्फ खेल का हिस्सा हो जाता है। ना केवल शरीर के विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खेल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। खेल के दौरान निकलने वाले हॉर्मोन्स एन्डोरफिन, डोपामिन, सेरेटोनिन और ऑक्सिटॉसिन तनाव को कम करके खुशी, सार्थकता और उत्साह का एहसास पैदा करते है। यह बात सिद्ध है कि रोज खेलने वाले लोग न केवल तनाव को ज्यादा बेहतर तरीके से डील कर पाते हैं बल्कि वे रोजमर्रा के जीवन में भी हर चुनौती का उत्साह से सामना करते हैं।

किन्तु जब खेल का मैदान जमीन का कोई ग्राउंड ना होकर कोई नदी, झील या समंदर हो तब इन खेलों की बात ही निराली हो जाती है। वाटर स्पोर्ट्स में विश्व भर में प्रमुखता से खेले जाने खेल स्विमिंग, वेव सर्फिंग, स्कूबा डाइविंग, वाटर स्कीइंग, पैरासेलिंग, केनोइंग, कयाकिंग, रोइंग, बोट सेलिंग, रिवर राफ्टिंग इत्यादि हैं। जो नदी, झीलों से लेकर समंदर की गरजती लहरों के बीच खेले जाते हैं और मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में उसकी अंदरूनी ताकत और धैर्य से परिचित कराते हैं।

विश्व प्रसिद्ध तैराक माइकल फेल्प्स कहते हैं –

'You dream, you plan, you reach .There will be obstacles. There will be doubters. There will be mistakes. But with hard work, with belief, with confidence and trust in yourself and those around you, there are no limits. '

और इस दुनिया में ऐसा कौन होगा जिसे पानी से खेलना पसंद नहीं होगा ? बच्चों से लेकर वृद्ध तक पानी का स्पर्श मिलते ही उससे क्रीडा करने लग जाते हैं। चाहे पानी की लहरों में सिर्फ पाँव डालकर लहरों के मद्धम संगीत के साथ लता या रफी का कोई गीत गुनगुनाना हो, चाहे उसमें अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए तैरना हो और चाहे सारी दुनिया को भूल खुद को समंदर की आती हुई लहरों के हवाले कर देना हो। हर तरह से जल की शीतलता मन के सारे संताप भुलाकर उसे शीतल कर देती है। इसीलिए जल क्रीड़ाएं अपने आप में बहुत विशिष्ट हैं।

पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में कयाकिंग,रोइंग और केनोइंग खेलों को शामिल किया जाता है जिसके लिए देश भर से आए हुए खिलाड़ियों को कड़ा परिश्रम करना होता है और हर टीम को दूसरों से आगे रोज घंटों के अभ्यास के बाद ये खिलाड़ी पानी पर उतरते हैं। और झील का जल खुद उनके सामने कड़ी चुनौतियाँ पेश करता है। कभी तेज धूप, कभी हवा का उल्टा बहाव तो कभी पानी की बेहद तेज लहरें जिनके सामने टिकना मुश्किल हो। लेकिन इससे खिलाड़ियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आती। बल्कि वे माथे से टपकते पसीने को दरकिनार कर अपने हाथों की गति और बढ़ा देते हैं। ये खिलाड़ी पानी के साथ खुद लहर बनकर आगे बढ़ते जाते हैं।

साहिर लुधियानवी का यह शेर ऐसे खिलाड़ियों के लिए मौजूं है –

‘हज़ार बर्क गिरे लाख आँधियाँ उठें
वो फूल खिल के रहेंगे जो खिलने वाले हैं।’

और जब इन खेलों की मेजबानी झीलों का नगर भोपाल करे तब यह परिश्रम और चुनौतियाँ भी सुखद लगती है क्योंकि यही वक्त होता है जब तरह तरह के प्रवासी परिंदे साइबेरिया और अन्य ठंडे स्थानों से आकर यहाँ डेरा डाल लेते हैं और पानी उनकी अठखेलियों और चहक से गूंज उठता है। तरह तरह के स्टॉर्क, हँस, दूर देखों से हजारों मीलों का सफ़र तय करके आईं खूबसूरत बतखों के बीच से पानी को बिजली की गति से काटते हुए चुस्त खिलाड़ियों का अपनी रंग बिरंगी नौकाओं में रफ्तार से गुजरना अद्भुत अनुभव है जिसके लिए यह सारी मेहनत और चुनौतियाँ सार्थक लगने लगती हैं।

भोपाल झीलों के साथ पहाड़ियों का भी शहर है और ऐसे दिलकश शहर में छुट्टी का सारा दिन इन खेलों को देखने के लिए सबसे मुफीद है। चारों ओर से हरी भरी पहाड़ियों से घिरी झील हो , जाड़े की गुनगुनी धूप हो, हाथ में चाय का प्याला हो और पानी में नावों पर सवार उत्साह से भरे हुए देश भर से आए पुलिस फोर्स के खिलाड़ी हों, तो दर्शक के तौर पर इन खेलों का हिस्सा बनने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे ना केवल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है बल्कि नई पीढ़ी को भी इन खेलों में रुचि लेने की प्रेरणा मिलती है।

हर खेल की तरह किसी को जीत मिलती है तो किसी के हिस्से हार आती है लेकिन कोई भी टीम जीते और कोई भी टीम हारे, इससे कोई फरक नहीं पड़ता क्योंकि खेल-भावना हार जीत से कहीं ऊपर है और सबसे ऊपर एक ऐसी चीज है जिससे किसी भी खिलाड़ी को कोई वंचित नहीं कर सकता, और वह है खेल खेलने का आनंद।

वॉटर स्पोर्ट्स : खेलों का एक नया आयाम

शिवा पाठक, रापुसे
प्रशि. उप पुलिस अधीक्षक
कटनी

क्या अंतरिक्ष में फेंक दी गई हैं सारी गेंदे.....?

क्या बड़े पहाड़ के नीचे कुचले जा चुके हैं उनके सारे बैट.....?

क्या दीमकों ने खा लिया है उनके खेल के मैदानों को .....?

यदि नहीं.... तो बच्चे काम पर क्यों जा रहे है.....?

बच्चे और खेल एक दूसरे के पूरक हैं। बच्चों का बचपना खेल के मैदानों पर धूप में लगाई गई दौड़-भाग और उससे माथे पर उभर आए श्रमबिंदुओं, उनके कपड़ों पर जहां तहां लगी हुई धूल, मिट्टी, कीचड़ के बिना अधूरा है।

खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, दक्षता, एकाग्रता और जीत के प्रति सदैव आशावान रहने की सीख का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। नेपोलियन से वाटरलू का युद्ध जीतने के बाद एडबर्ड नेल्सन ने कहा- '' मैंने वाटरलू के युद्ध में जो सफलता प्राप्त की, उसका प्रशिक्षण मुझे ईटन के खेल के मैदान में मिला।'' – उपरोक्त पंक्ति खेल का महत्व बयां करने के लिये पर्याप्त है।

खेल न केवल हमें स्वस्थ्य रखने में योगदान देकर सक्षम बनाते हैं वरन् वर्तमान युग की संकीर्णता – वादी सोच के विरूद्ध हमें निष्पक्ष, सहिष्णु तथा विनम्र बनाकर एक बेहतर मानव संसाधन के रूप में बदलते हैं। खेलों की महत्ता को दुनिया के प्रत्येक समाज ने प्रत्येक सभ्यता ने स्वीकारा है।

खेलों में वाटर स्पोर्ट्स एक महत्वपूर्ण व रोमांचक आयाम है। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों में इसको शामिल करना इसका प्रमाण है। वॉटर स्पोर्ट्स युवाओं को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वाटर स्पोर्ट्स न केवल एड्रेनासाइन रश के कारण बहुत लोकप्रिय हुए हैं बल्कि कई स्वास्थ्य लाभों के कारण भी। वाटर स्पोर्ट्स खुले वातावरण में खेले जाते हैं जहां आप ताजी हवा में साँस ले सकते हैं। प्रकृति के साथ एक हो सकते हैं यह हमें ताजगी से भरपूर ऊर्जा देता है।

कयाकिंग से लेकर वॉटर-स्कीइंग, काइडबोर्डिंग, रॉफ्टिंग जैसे विकल्पों की भरमार वॉटर स्पोर्ट्स की सूची में शामिल है। भारत सबसे अच्छे वॉटर स्पोर्ट्स देशों की सूची में शामिल है, यहां कि भौगौलिक विविधता, विस्तृत समुद्री तट, नदियां, झीलें, जलाशय इसे एक सर्वश्रेष्ठ हब के रूप में विकसित करने की अनुकूलता प्रदान कर रही है।

केरल का अलेप्पी बैकवॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए एक सुंदर गंतव्य है। यहां पारंपरिक नावों की जगह कयाकिंग संकरी नहरों से होते हुए ग्रामीण जीवन के साथ कई दुर्लभ पंछियों को देखने का मौका प्रदान करती है। सूर्योदय-सूर्यास्त के समय कयाकिंग आपको जीवन के अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिये पर्याप्त हैं।

ऋषिकेश में राफ्टिंग विशेष साहसिक और जल खेलों के लिए विख्यात है। गंगा और उसकी सहायक नदियों में बहता पानी रॉफ्टिंग के दौरान हमारे उत्साह को बढ़ा देता है। इस दौरान हमें चारों ओर से घेरे हुए हिमालय की बड़ी-बड़ी चोटियाँ एक अलग ही रोमांच पैदा करती हैं। अंडमान-निकोबार के सफेद रेतीले समुद्र तट, नीला-हरा गहरा पानी और उसमें उथली मूंगे की चट्टानों के साथ वाटर स्कीइंग करना अद्भुत अनुभव प्रदान करने वाला है।

गोवा की विंड सर्फिंग, वाटर स्पोर्ट्स की एक कभी न भुलाने वाली याद के रूप में हमारे साथ रहेगा।

मध्यप्रदेश ने भी वॉटर स्पोर्ट्स को एक मनोरंजक गतिविधि के साथ एक प्रतियोगिता प्रशिक्षण और व्यवस्थित कला का एक रूप दिया है।

इंद्रा सागर जलाशय, हनुवंतिया पेरासेलिंग का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। पचमढ़ी की बनाना राइड हो, ओरछा में बेतवा नदी में की जाने वाली कयाकिंग केनोईंग, भोपाल की अपर लेक की पेरासेलिंग, शिवपुरी की स्पीडबोटिंग या कि बरगी डेम, जबलपुर की क्रूज और शिकारा राइड ये सभी गतिविधियां जल -क्रीड़ा के बेहद रोमांचकारी अनुभव प्रदान करती हैं।

वॉटर स्पोर्ट्स खेल प्रतियोगिता के रूप में अधिक महत्वपूर्ण रूप लेता जा रहा है। राज्य के अनेक प्रतिभाशाली प्रतिभागी इसमें सम्मिलित होकर राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कर रहे हैं।

इस प्रकार ये उभरती नवीन खेल गतिविधी न केवल मनोरंजन के उद्देश्य से सभी को लाभान्वित कर रही है बल्कि लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ा रही है।

धरती का जादू जल में छुपा है

शशांक गर्ग, रापुसे
स.म.नि., रेडियो मुख्यालय, पु.मु. भोपाल

शीर्षक पढ़कर ही बचपन की पाठ्यपुस्तक का पाठ याद आया होगा ना! एक प्रसिद्ध संस्कृत उक्ति भी पढ़ी होगी,**"पृथिव्यां त्रियी रत्नानि, जलमन्नम सुभाषितम"**अन्न व सुभाषित के अलावा जल ही रत्न है,न जाने कितनी कहावतें,मुहावरे जो पानी पर आधारित हैं,हमारे लोकजीवन से जुड़े हुए हैं,जैसे **"पानी उतरना","पानी पानी होना"**आदि।

सौरमंडल व आसपास के ज्ञात तारामंडलों में पृथ्वी को जो बातें अन्य ग्रहों से अलग करती हैं,वो हैं **"जीवन"** व उसका आधार **"जल"**।

वैज्ञानिक प्रमाणानुसार जीवन की उत्पत्ति ही जल में हुई और कालांतर में उद्विकास के क्रम में जीवन का प्रवाह जल से भूमि व आकाश की ओर हुआ।

तो यह स्वाभाविक ही था कि **"होमोसेपियंस इरेक्टस"** प्रजाति के जीव अर्थात **"मानव"** का प्रादुर्भाव भी किसी जलस्रोत के समीप होता,और अब तक उपलब्ध प्रागैतिहासिक प्रमाणों से यह सिद्ध भी होता है,कि मानव सभ्यताओं की जन्मभूमि नदियों के समीप ही थी।

अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति व जीवनरक्षा के समस्त उपायों को करने के उपरांत शेष समय में उस आवश्यकता का उदय हुआ जो वर्तमान में सम्भवतः मनुष्य की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बन गई है, अर्थात **"मनोरंजन"** इसके लिए कुश्ती, उछलकूद, दौड़भाग के बाद जो सबसे सहज उपलब्ध मनोरंजन का साधन था वो था **"जल"**।वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो स्वास्थ्य संधारण की दृष्टि से भी जलक्रीड़ा एक अत्यंत लोकप्रिय गतिविधि बन गई है।

जैसा कि कहा जाता है, कि स्वाभाविक रूप से जल किसी को डुबाता नहीं बल्कि व्यक्ति अपनी गलतियों से ही डूबता है, तैरना ही सहज वृत्ति है, नवजात शिशुओं में भी यह पाई जाती है।अतःस्वाभाविक ही था कि आदिमानव ने तैरने को मनोरंजन का साधन बनाया।

सबसे प्रथम जलीय खेल तैराकी ही था,जिससे क्रमिक उद्विकास के दौरान, गोताखोरी व तैराकी की ही विविध विधाओं जैसे बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक आदि के बाद उन्नत मनुष्य के द्वारा ईजाद उपकरणों से नौकायन, पालनौकायन, वॉटर पोलो, वालीबॉल, कयाकिंग, केनोइंग, रोइंग जैसे विभिन्न खेलों का जन्म हुआ।

पुरातात्विक और अन्य साक्ष्यों से पता चलता है, कि तैराकी का प्रचलन सिंधु घाटी सभ्यता के अलावा 2500 ईसा पूर्व से ही मिस्र में था और उसके बाद असीरियन, ग्रीक और रोमन सभ्यताओं में भी इसका

प्रचलन था।ग्रीस और रोम में तैराकी पुरुषों के लिए युद्धकला के साथ प्राथमिक शिक्षा का भी हिस्सा थी।

टेरेंटम, ग्रीस में प्राप्त ई.पू.छठवीं से तीसरी शताब्दी की मोहरों में टेरेंटम के संस्थापक टारस को डॉल्फिन की सवारी करते हुए दिखाया गया है, पूर्वी एशिया में तैराकी पहली शताब्दी ईसा पूर्व से चली आ रही है उस समय तैराकी दौड़ के कुछ सबूत मिले हैं। जापान में 17वीं शताब्दी में एक शाही आदेश से स्कूलों में तैराकी की शिक्षा अनिवार्य कर दी थी। 19वीं शताब्दी में जापान के पश्चिमी दुनिया के लिए खुलने से पहले भी तैराकी के कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। प्रशांत महासागर के समुद्री तटों पर विकसित मानव सभ्यताओं में, तैराकी स्पष्ट रूप से बच्चों द्वारा चलने के समय या उससे भी पहले सीखी जाती थी।

प्राचीन यूनानियों के बीच कभी-कभार तैराकी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख मिलता है। रोमनों ने तैराकी के लिए पृथक पूल बनाया। पहली शताब्दी ईसा पूर्व में रोमन **"गाइयस मेसेनस"** ने पहला गर्म स्विमिंग पूल बनाया था।17वीं शताब्दी के अंत में ग्रेट ब्रिटेन में, जल चिकित्सा में तैराकी का व्यवस्थित उपयोग किया गया। हालाँकि, 19वीं शताब्दी तक तैराकी की लोकप्रियता मनोरंजन और खेल दोनों के रूप में गंभीरता से शुरू नहीं हुई थी।1837 में वहाँ पहला तैराकी संगठन बनाया गया था,पहली तैराकी चैंपियनशिप 440-यार्ड (400-मीटर) की दौड़ थी, जो 1846 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित की गई थी और उसके बाद हर साल आयोजित की जाती है। 1869 में स्थापित लंदन के मेट्रोपॉलिटन स्विमिंग क्लब अंततः बन गया **"स्विमिंग एसोसिएशन"**, ब्रिटिश एमेच्योर तैराकी का शासी निकाय। 1882 से 1889 तक कई यूरोपीय देशों में राष्ट्रीय तैराकी महासंघों का गठन किया गया।

संयुक्त राज्य अमेरिका में तैराकी को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर एक खेल के रूप में आयोजित किया गया था।एमेच्योर एथलेटिक यूनियन (AAU) की स्थापना 1888 में हुई थी।फ़ेडरेशन इंटरनेशनेल डी नैटेशन एमेच्योर (FINA; 2023 से वर्ल्ड एक्वेटिक्स कहा जाता है) की स्थापना 1908 में हुई थी, जो जलीय खेलों की अधिकृत संस्था है।

भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के अतिरिक्त भी रामायण व महाभारत काल में जलक्रीड़ा का उल्लेख मिलता है,सनातन हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों देवी देवताओं को समुद्र, नदी में निवास करते व जलजीवों की सवारी करते बताया गया है, बौध्द व जैन प्राचीन साहित्य में भी इसका उल्लेख मिलता है।

सम्पूर्ण भारत में नदी तटीय प्रदेशों व विशेषकर दक्षिण भारत में नौकायन की समृद्ध परंपरा रही है, विशेषकर समुद्रतटीय इलाकों में, जैसे केरल की सुप्रसिद्ध सर्पनौकायन प्रतियोगिता या स्नेकबोट रेस **"वल्लम काली"** जो 400 वर्षों से पारंपरिक रूप से निरंतर जारी है।

अलापुझा में पुन्नमदा झील में नेहरू ट्रॉफ़ी का आयोजन भी किया जाता है, इसके अतिरिक्त अनेक स्थानों पर नौकायन प्रतियोगिताएं होती हैं।

आधुनिक भारत में श्री मिहिर सेन व सुश्री आरती साहा ने इंग्लिश चैनल पार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम भारत को जलीय खेलों में पहचान दिलाई।श्री सचिन नाग ने प्रथम एशियाड में 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।श्री जम बजरंगी प्रसाद 1961, सुश्री रीमा दत्ता1967, श्री अर्जुन शॉ 1967, किसी भी वॉटर स्पोर्ट्स में एकमात्र व दो

बार के ओलंपियन श्री साजन प्रकाश 2025 को अर्जुन अवॉर्ड प्रदान किया गया।

किन्तु इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलीय खेलों में भारत को कोई उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल नहीं हुई।

यद्यपि राष्ट्रीय स्तर पर शासन स्तर उन्नयन के लिए प्रयास कर रहा है।

मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, भोपाल में 2007 से मध्यप्रदेश स्टेट वॉटर एकेडमी ऑफ एक्सिलेंस में पाल नौकायन, कयाकिंग, कनोइंग, रोइंग, कनोई स्लालॉम की विश्वस्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएँ मुहैया कराई गई है।

इन प्रयासों के अनुकूल परिणामों की प्रतीक्षा है।

अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2024-25 जिसकी मेजबानी मध्यप्रदेश कर रहा है, इस दिशा में एक उम्मीद की किरण है।

देखिये इस मंथन से कौनसे रत्न निकलकर सामने आते हैं और प्रदेश, देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उम्मीद बनते हैं।

भोपाल ताल में नावों का खेल

प्रशांत चौबे, रापुसे
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विदिशा

भारत में कनॉकिंग, कनॉइंग और रोइंग खेल का एक समृद्ध इतिहास है। यह खेल हमारे देश में सदियों से प्रचलित है, और इसमें भारतीय खिलाड़ियों ने कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। भारत में साहसिक कलाओं को प्रतिस्पर्धा से प्रतियोगिता में परिवर्तित करने की प्रथा अत्यधिक प्राचीन रही है। तटीय क्षेत्रों में नौकायन के दौरान गति को लेकर शर्ते लगाना फिर सर्वाधिक गतिमान को पुरस्कृत करना, फिर अन्य का उस चुनौती को स्वीकार करते हुए आगे निकलने का प्रयास धीरे धीरे इन वाटर स्पोर्ट्स के रूप में प्रकाश मैं आता है।

भारत से इतर मिस्त्र राष्ट्र में सर्वप्रथम जल प्रतिस्पर्धा का इतिहास प्रकाश में आता है जो कि अठारहवीं शताब्दी में यूरोप में विभिन्न खेल अनुशासन के साथ नियम कायदों में स्थापित होता हुआ दिखाई देता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के द्वारा भी इन खेलों के नियमावली स्थापित करने में तथा इन खेलों को आधुनिक व्यवस्थित खेल के तौर पर स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई स्थापित की है।

मानव ने अपने विकास के लगभग हर सोपान पर क्रीड़ा एवं प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। प्रतिस्पर्धा का सर्वाधिक सकारात्मक रूप खेल भावना के रूप में प्रकाश मे आया जहाँ न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बल्कि हार को स्वीकार करने की क्षति रहित परिस्थिति भी उपस्थित हुई। इसलिए खेल मानव विकास के साथ लगातार परिदृश्य में बने रहें।

जलाशय प्रकृति के चमत्कार के रूप में और हमारी दिन रात की आवश्यकताओं के रूप में हमेशा ही मानव की आस्था, सेवा के साथ रोमांच के विषय भी बने रहें। वॉटर स्पोर्ट्स जलाशयों के साथ हमारे रोमांचक उद्देश्यों के तारतम्य को स्थापित करते हैं।

एक बार एक अंतरराष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट प्रतिस्पर्धा में

नाविक का चप्पू टूट जाने पर प्रतिस्पर्धी नाविक ने अपना एक चप्पू कम करके बराबरी की प्रतिस्पर्धा में हार को स्वीकार किया, इसे वॉटर स्पोर्ट के इतिहास में उत्कृष्ट खेल भावना के आयाम के रूप में देखा जाता है। निश्चित ही खेल भावना हमारे मानवीय मूल्यों को पुष्ट करती है। द्वेष , ईर्ष्या, प्रतिद्वन्द्व से परे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा स्थापित करती है।

मध्यप्रदेश 24 वे अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स की मेजबानी कर रहा है। मध्य प्रदेश पुलिस, पुलिसिंग के विभिन्न मापदण्डों में देश की अग्रणी

पुलिस है। बात संवेदनशीलता की हो या सी सी टी एन एस जैसे प्रक्रिया को लागू करने की, नए विधिक प्रावधानों को आत्मसात करने की बात हो या प्रशिक्षण में नवाचारों को संयोजन की, साइबर अपराध की चुनौती की

दक्षता उन्नयन हो या अन्य कोई भी पुलिस मापदंड निश्चित ही मध्य प्रदेश पुलिस आज न केवल देश में बल्कि देश के बाहर भी एक सक्षम व्यावसायिक दक्षता वाली पुलिस इकाई के रूप में जानी जा रही है।

मध्य प्रदेश पुलिस का यह अखिल भारतीय आयोजन इस दिशा में अपनी गुणवत्ता तथा आयोजन दक्षता के साथ स्थापित होगा। पिछले आयोजन 2019 में जब मध्य प्रदेश ने मेजबानी की तब इस खेल की सभी इकाइयों के खिलाड़ियों ने चाहे वे राज्य की पुलिस के हों या केंद्रीय पुलिस संगठनों के सभी ने आयोजन व्यवस्थाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। एक तरफ जहां खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन से प्रसन्न हुआ । वहीं निर्णायकों के निष्पक्ष निर्णय ,खिलाड़ियों को मिलने वाली आधार भूत सुविधाएं, समापन और शुभारंभ के भव्य गरिमा मय आयोजन मध्य प्रदेश के आयोजन को चिर स्मरणीय बनाने वाले साबित हुए।

इस बार पुनः मध्य प्रदेश और अधिक सभ्यता और भव्यता के साथ मेजबान की भूमिका में है। तब यह निश्चित है कि पुलिस खेलों का इतिहास इन 24 वें आयोजन में पुनः स्वर्ण अक्षर अंकित करेगा।

राजधानी के सुरम्य शान्त ताल जहां आयोजन के भव्य मैदान बनेंगे, वहीं मध्य प्रदेश पुलिस की प्रतिभाशाली वॉटर स्पोर्ट टीम मेजबानी के साथ मेहमानों को कठिन प्रतिस्पर्धा भी प्रदान करेगी।

निश्चित ही हम सभी एक अविस्मरणीय आयोजन के साक्षी होंगे। जय मध्य प्रदेश!!! जय भारत!!!

वॉटर स्पोर्टस् में हमारी वैश्विक सम्भावनाएं

चौधरी मदन मोहन समर, रापुसे
सहायक पुलिस आयुक्त(आसूचना)
कमिश्नरेट भोपाल शहर

जल, थल और नभ ये तीनो मिलकर ही मनुष्य के जीवन को सार्थक करते हैं। मनुष्य थल पर निवास करने वाला जीव है तथा उसका श्वसनतंत्र थल पर ही श्रेष्ठ कार्य करता है। लेकिन प्राचीन काल से ही उसे जल और जल की क्रीड़ाएं रिझाती रही हैं। वह आकाश में पक्षियों जैसा उड़ना चाहता है तो जल में मछली की तरह खेलना चाहता है।

जल एक ऐसा साधन है जो मनुष्य के लिए जहां जिंदा रहने हेतु अनिवार्य है, तो उसकी गहराई, विस्तार तथा प्रवाह सदा से उसे आकर्षित करता है। प्राचीन काल से ही सारी सभ्यताएं जल की परिधि में ही पनपी और विकसित हुई हैं। परिणाम स्वरूप वह नदी के साथ बहता है, झील में तैरता है, सागर की लहरों के साथ अठखेलियां करता है। यह सब वह तभी कर सकता है जब उसे जल क्रियाओं का अभ्यास हो। यह अभ्यास लगातार के श्रम से प्राप्त होता है तथा फिर व्यक्ति उसमें पारंगत हो जाता है।

हम राजा-महाराजाओं के महलों में जलक्रीड़ा के अनेक प्रसंगों से परिचित हैं। हर महल में एक जल स्त्रोत होता था और वहां विभिन्न जलक्रीड़ाएं होती थीं। साथ ही नदियों में तैराकी तथा नौकायन के खेल प्राचीन काल से ही अस्तित्व में रहे हैं। कृष्ण का कालिया प्रसंग भी जलक्रीड़ा ही तो है।

जलक्रीड़ा का उद्देश्य केवल मनोरंजन मात्र नहीं रहा है। यह शारीरिक चुस्ती-फुर्ती और स्वास्थ्य के लिए भी उच्च कोटी का व्यायाम है। यह शरीर की मांस पेशिओं को मजबूत तो बनाता ही है साथ ही श्वसन तंत्र को शक्तिशाली बनाता है। जलक्रीड़ा अभ्यासगत आसान होती है और व्यक्ति अकेला अथवा अपने मित्रों के साथ इसका आनंद लेता है।

अधिकतर माता-पिता अपने बच्चों को स्वीमिंग पूल में तैराते हुए मिल जायेंगे। वजह यही है कि स्वस्थ शरीर के लिए यह एक आसान तरीका है जिससे बच्चे का नैसर्गिक विकास तो होता ही है, उसमें आत्म-विश्वास भी जाग्रत होता है।

हम देखते हैं कि नदी के किनारे रहने वाले लोग अधिक स्वस्थ होते हैं। उनकी दिनचर्या का प्रारम्भ ही जलधारा में तैरकर नहाने से होता है। गोताखोरी में माहिर ये लोग लम्बे समय तक श्वास को रोकने में समर्थ होते हैं। नदी किनारे रहकर उसमें तैरने वाले लोगों में अस्थमा तता श्वसन तंत्र की बीमारिया नगण्य ही होती हैं। हम उन छोटे-छोटे बच्चों की चुस्ती-फुर्ती देखकर दंग हो जाते हैं जो किसी धार्मिक स्थान पर नदी में तैरते हुए नारियल अथवा सिक्का निकालने के लिये मछली सी तेजी दिखाते हैं।

वर्तमान समय में वाटर स्पोर्टस् विश्व स्तर पर

खेलों में लोकप्रिय हैं। इंगलिश चेनल को तैरकर पार करना और एवरेस्ट फतह करना रोमांच में एक समान माने जाते हैं। चाहे ओलम्पिक हों, एशियाई खेल, कामनवेल्थ, राष्ट्रीय खेल या फिर स्थानीय स्तर पर वाटर स्पोर्टस् प्रतियोगिताएं, ये सभी खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों के आकर्षण का केंद्र होती हैं। इसका मूल कारण ही यही है कि जलक्रीड़ा का आकर्षण कोई रोक नहीं सकता।

भारत में वाटर स्पोर्टस् के लिए स्थितियां बहुत ही अनुकूल हैं। नदियों का वरदान तथा सागर का तीन ओर होना हमारे लिये प्रकृति के उपहार से कम नहीं है। फिर प्राकृतिक झीलों को हम देश के हर हिस्से में देख सकते हैं। यही वजह है कि समुद्र किनारे जहां नौकायन के खेल प्रसिद्ध हैं तो पहाडों में से गिरती नदियों में साहसिक रूप से राफ्टिंग करना लोकप्रिय है। झीलों में तैरना और पवित्र नदियों में जल की सतह पर घंटों पीठ के बल मौजूद रहना किसी जादू से कम नहीं महसूस होता। पूरब में ब्रह्मपुत्र हो या मध्य और पश्चिम में नर्मदा, उत्तर में गंगा-यमुना हों या दक्षिण में कावेरी और गोदावरी इसके साथ ही हमारा विशाल सागर तट।

भोपाल की बड़ी झील हो अथवा कश्मीर की डल झील राष्ट्रीय स्तर पर वाटर स्पोर्टस् प्रतियोगिताएं तथा मनोरंजन के लिए जलक्रीड़ाए केंद्र में रहती हैं। वाटर स्पोर्टस में दुर्लभ कैन्यनिंग का आनंद जहां मनाली में उठाया जा सकता है तो अंडमान में स्नॉर्केलिंग का खेल रोमांच पैदा करता है। फिर गोवा में विंडसर्फिंग, ज़ोरबिंग और स्कीइंग पर्यटकों में लोकप्रिय होते हैं। कभी तमिलनाडु जाएं तो वहां वाटर काइट का गेम अनूठा ही लगता है तो मुम्बई के सागर में नाव पर सवार हो लहरों पर झूमना असीम आनंद देता है। जब बात चली है तो भला केरल को कैसे भूला जा सकता है। अलेप्पी की कयाकिंग तथा वहां की नौकायन प्रतियोगिता की तो बात ही निराली है।

वाटर पोलो, वाटर एरोबिक्स, वाटर जिमनास्टिक, स्नार्कलिंग, ट्रायथलन, पेंटाथलान, अंडर वाटर रग्बी, अंडर वाटर हॉकी जैसे खेल विश्व स्तर पर लोकप्रिय होकर खिलाड़ियों को अपनी ओर खींच रहे हैं।

भारत में इन खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है तथा लोग अपना करियर अब इन खेलों के माध्यम से बना रहे हैं, विगत दो दशकों से इन खेलों के आयोजन और खिलाड़ियों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। जिससे स्पष्ट है कि न केवल प्राचीन तैराकी अथवा नौकायन ही बल्कि आधुनिक जलक्रीड़ाए लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

भारत ने वाटर स्पोर्टस में अभी लम्बा सफ़र तय करना है। सर्फिंग चैम्पियनशिप के एशियाई खेलों में रजत पदक भारत के खाते में है। लेकिन ओलम्पिक में तिरंगा फहराना अभी शेष है। निश्चित ही वह दिन दूर नहीं होगा जब वाटर स्पोर्टस में हम ओलम्पिक में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गा कर गौरवान्वित होंगे।

“तनाव मुक्ति में प्रशिक्षण की भूमिका”

रश्मि पाण्डेय, रापुसे
पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला, भौंरी भोपाल

“अपने अंतर की यात्रा ही एकमात्र यात्रा है”
- रेनर मारिया रिल्के

अक्सर लोगों को यह कहते सुना जा सकता है कि पुलिस की नौकरी बड़ी तनाव की नौकरी है। सामान्य जनता के मन में पुलिस की छवि अच्छी हो या बुरी, पुलिस की नौकरी में तनाव की बात सभी स्वीकारते हैं।

यह सत्य है कि वर्तमान की तेज भागती दुनिया में पुलिस कई चुनौतियों से जूझ रही है, जिनमें प्रमुख हैं बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत सीमित पुलिस बळ, सायबर क्राइम की लगातार बढ़ती चुनौतियां, कानून व्यवस्था की स्थितियां, सीमित संसाधन, विभिन्न प्रकार के दबाव और सबसे महत्वपूर्ण नौकरी और पारिवारिक जिम्मेदारियों में उचित सामंजस्य बिठाने की चुनौती।

पुलिस के आरक्षक स्तर से निरीक्षक स्तर तक के कर्मचारियों के लिए स्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण हैं क्योंकि उन्हें अपने परिवार को कठिन ड्यूटी के बीच बिना किसी सपोर्ट सिस्टम के पालना पड़ता है।

मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भोपाल और पुलिस प्रशिक्षण शाला भौंरी भोपाल में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक उपनिरीक्षक और निरीक्षक इण्डक्शन कोर्सेज में प्रतिभागियों से अनौपचारिक चर्चा में यह बात निकल कर आती है कि लगभग सभी तनावपूर्ण स्थितियों में कार्य करते हैं। पीटीएस और मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के हरे भरे वातावरण में चिड़ियों की चहचहाहट के बीच 15 दिन बिताना ही उनके लिए तनावमुक्ति का एक बड़ा अवसर है।

पहले दिन जब ये प्रशिक्षु आते हैं तो सभी के चेहरों पर यह भाव लक्षित होता है कि पंद्रह दिनों तक क्या करेंगें ? कैसा प्रशिक्षण होगा? पंद्रह दिन कैसे कटेंगें ? अपने - अपने थाने में इतना महत्वपूर्ण काम छोड़कर आए हैं-केस डायरियां, पेशियां, शिकायत जाँच, घर की जिम्मेदारियां - इन सबका क्या होगा ?

लेकिन जब वे बरसों बाद अपने बैचमेट्स से मिलते हैं तो पहली खुशी हासिल हो जाती है। आगे के दिनों में व्यवस्थित दिनचर्या, सुबह की वॉक, योग और हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा आयोजित नियमित मेडिटेशन से वे काफी सुकून महसूस करते हैं।

मेडिटेशन' में उन्हें खुशी, तनावमुक्ति, व्यवस्थित जीवन के सूत्र भी बताये जाते हैं। प्रशिक्षु अपने मन में झांककर जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मनन करते हैं। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भी वर्क लाइफ बैलेन्स, पुलिस एण्ड एथिक्स जैसे विषयों को भी शामिल किया जाता है, जिन पर प्रतिष्ठित फैकल्टी

द्वारा प्रशिक्षुओं से चर्चा की जाती है।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि व्यवसायिक ज्ञान की कमी भी कहीं न कहीं तनाव का कारण बनती है। इसी के मद्देनज़र प्रशिक्षुओं की व्यवसायिक दक्षता बढ़ाने के लिए मर्ग जाँच, शव परीक्षण रिपोर्ट व एम.एल.सी रिपोर्ट पढ़ना, थाना प्रबंधन, बालकों व महिला संबंधी अपराधों की विवेचना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें सायबर सेल (03 दिवस), एस. सी. आर. बी. रेडियो मुख्यालय, महिला व बच्चों संबंधी पुलिस संस्थाओं आदि का भ्रमण भी कराया जाता है।

वर्तमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) सुश्री सोनाली मिश्रा के मार्गदर्शन में नवाचार के तहत प्रत्येक प्रतिभागी से फील्ड में आने वाली चुनौतियों व जनता में पुलिस की छवि सुधारने के उपायों पर भी चर्चा कर इस संपूर्ण प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण किया जाता है, ताकि उचित मंच पर इन चुनौतियों के निराकरण के प्रयास किए जा सकें।

इस तरह एक पखवाड़े के प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को शारीरिक, मानसिक, व व्यवसायिक रूप से दक्ष बनाने के संपूर्ण प्रयास किए जाते हैं।

इस संपूर्ण प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षु अपनी मानसिक सेहत को सहेजने के उपाय जान लेता है।

दिन भर के प्रशिक्षण के बाद अक्सर संझा में हॉस्टल में गाने बजाने के अवसर साथियों से हंसी-ठिठोली, हरियाली के बीच फोटो और सेल्फी खिंचवाना इनके लिए एक यादगार अनुभव होता है।

प्रशिक्षण संस्थान की मेस का स्वादिष्ट भोजन भी तनाव मुक्ति में अहम् भूमिका निभाता है।

यही कारण है कि जब प्रशिक्षण के समापन सत्र में फीडबैक लिया जाता है तो प्रतिभागी कहते हैं कि पन्द्रह दिन ट्रेनिंग के लिए बहुत कम है, इस अवधि को बढ़ाया जाए!

खैर, यह तो संभव नहीं हो पाता, लेकिन हम देखते हैं कि प्रशिक्षण के उद्देश्य से बनाए व्हॉट्स ऍप ग्रुप बाद में भी बदस्तूर जीवंत बने रहते हैं, जिसमें सभी अपनी उपलब्धियां, सुख-दुख और शंका समाधान साझा करते रहते हैं।

इस तरह से प्रशिक्षण कोर्स पुलिस की गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली प्रदान करने में महती भूमिका निभाते हैं।

समरसता सहकार है ख़ाकी

नीतेश भार्गव
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,
उज्जैन (मध्यप्रदेश)

सेवा त्याग समर्पण बोलो या एक शब्द में सार है ख़ाकी।
तेरी मेरी सबकी ख़ाकी, सरोकार, संस्कार है ख़ाकी।

कहीं कोई जब साथ न आए, खड़ी सदा तैयार है ख़ाकी।
विपदा में है आस आख़री, विश्वास जोड़ती धार है ख़ाकी।

उसकी जीत, तुम्हारी जय में, हर्षित हुई अपार है ख़ाकी।
जन मन गण का राष्ट्रभूमि को, सर्वोत्तम उपहार है ख़ाकी।

देशभक्ति जनसेवा के हित, प्रण कठोर दुश्वार है ख़ाकी।
उपद्रवियों की ईंट का उत्तर, प्रस्तर वज्र प्रहार है ख़ाकी।

गर सुन पाओ तो सुन लेना, दुःख पीड़ा अंबार है ख़ाकी।
इसका अंतर् देख सको जो, तार तार बेजार है ख़ाकी।

मईया बाबा भईया बहना, सजनी का इंतजार है ख़ाकी।
अबके जल्दी घर आ जाना, टूटी हर मनुहार है ख़ाकी।

सबके भाव सहेजे चलती, जो भरे रंग हजार है ख़ाकी।
किन शब्दों में करें बखान, व्रत उत्सव, त्योहार है ख़ाकी।

नहीं राह महलों तक जिनको उनको तो सरकार है ख़ाकी।
अनाचार, अपराध, भेद पर, रामबाण का वार है ख़ाकी।

सच्चे भारत की यह तस्वीर, सौ सौ रूपाकार है ख़ाकी।
रंग धरा सा शोभित यह, हर वर्ग वर्ण का प्यार है ख़ाकी।

हिंसा भय भ्रम अनीति का, नित करती प्रतिकार है ख़ाकी।
न्याय, साम्य, शुचिता का, है आव्हान, सत्कार है ख़ाकी।

संकल्प समर्पण त्याग लिए, समरसता सहकार है ख़ाकी।
बदला वक़्त, जमाना, दौर, रही सदा दरकार है ख़ाकी।

“हाँ, मैं खुश हूँ!!”

अनीता नागवंशी
कार्यवाहक निरीक्षक
म.प्र. पुलिस अकादमी, भौंरी, भोपाल

मैंने नवोदय से राष्ट्रीय स्तर पर जूडो से खेला है, साथ में एथलीट भी रही हूँ। आज एक प्रशिक्षक के तौर पर मुझे लगातार काम करते रहना, जब तक उद्देश्य की प्राप्ति न हो जाए, खेल से ही प्राप्त है जो सकारात्मकता की ओर ले जाती है। एक स्पोर्ट्सपर्सन होने के बावजूद जब नौकरी और जीवन की भागमभाग में आपका जुनून, आपका खेल कहीं गुम हो जाता है, तब आप एक प्रशिक्षण संस्थान में रहकर एक सकारात्मक माहौल में ही अपने जुनून को जीवंत कर सकते हैं।

उम्र के किसी भी पड़ाव पर जब आप अपने बच्चों के कदम से कदम मिलाकर दौड़ते हैं, तब आपको अपने होने का अहसास होता है।

मैंने 40 के पड़ाव में यह कर के दिखाया है और मुझे अत्यंत खुशी है कि मैं प्रशिक्षण संस्थान में हूँ। हां, मैं खुश हूँ, क्योंकि प्रशिक्षण संस्थान में ही यह संभव है। हां मैं खुश हूँ।

जब विभिन्न इन सर्विस कोर्स ऑगेनाइज करवाती हूँ और बैचमेट्स मिलते हैं, मिलते ही कहते हैं, कहां पड़ी हुई हो? निकलो, यहां से, कोई थाना-वाना लो।

लेकिन जब वे मेरा काम देखते हैं, मंच से संबोधन देखते हैं, मेरा आत्मविश्वास देखते हैं, मेरे मन का ठहराव के साथ विकास देखते तब हाथ मिलाते हैं और बदले हुए सुर में कहते हैं-

“तुम तो पूरा बदल गई हो!”

दे देती हूँ जवाब अपने काम से। बता देती हूँ इन कार्यों के आगे सब फीका, क्योंकि एक प्रशिक्षक के तौर पर मैं नव निर्माण, निरंतर नव प्रशिक्षुओं को, सिखाकर समाज का, देश का, कर रही हूँ। नित ईमानदारी, आत्मविश्वास, नित विकास का प्रशिक्षण दे रही हूँ क्योंकि मैंने सारे गुण स्वयं के अंदर जीवंत किये हैं। यह संभव हुआ है प्रशिक्षण संस्थान से .....

हां मैं खुश हूँ !!